तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025



13 कड़ी मेहनत और पक्के इरादे के साथ विश्व पटल...



14 नवमी पर ज्योति जंवारा का किया गया विसर्जन






## खबर संक्षेप

### नया फीडर व ट्रांसफार्मर लगाकर दूर की गई लो वोल्टेज की समस्या



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के जुन्नापानी सब स्टेशन में बिजली की लो वोल्टेज समस्या को देखते हुए रेंगाडबरी फीडर से नंगूटोला, भीमाटोला, अन्नुटोला, रेंगाडबरी, चिलमगोटा, टुन्डेल कुंडेल के लिए सबस्टेशन में ट्रांसफार्मर लगाकर नया फीडर में जोड़ा गया। जेई अंजली ठाकुर एवं एई कुबेर मरकाम ने नए फीडर में पूजा अर्चना कर नारियल एवं मिठाई का प्रसाद वितरण किया। बिजली ऑफिस में जयेश जैन, निरंजन पड़ोती, पाल सिंह यादव, महेंद्र निषाद, राजेश पोर्ते और अन्य नागरिकों ने बिजली विभाग में नया फीडर लगने से खुशी जाहिर एवं एई कुबेर मरकाम का आभार जताया।

### ग्राम चिलमगोटा में हुआ एक कुंडलीय गायत्री महायज्ञ



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम चिलमगोटा में चैत्र नवरात्रि पर दुर्गा नवमी के दिन अखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा एक कुंडली गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुंडन संस्कार एवं पुंसवन संस्कार एवं दीक्षा संस्कार भी किए गए। मुंडन संस्कार में भुवन लाल दानेश्वरी भंडारी तथा हरि ओम कृषाने ने अपने पुत्र का मुंडन संस्कार कराया। कविता रावटे ने अपनी आने वाली संतान की दीर्घायु के लिए शुभकामनाएं देते हुए पुष्पम संस्कार कराया। यज्ञ एवं हवन पूजन कर ग्रामवासी द्वारा सुख शांति समृद्धि एवं मां गायत्री माता से हाथ जोड़कर नमन करते हुए मनोकामना मांगी गई। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार से केजू राम इस्दा, कैलाश बारले ने यज्ञ आचार्य के रूप में यज्ञ करवाया और गायत्री परिवार से तोरण लाल कृषाणे, बोहरण भंडारी, नंदू भंडारी सहित महिलाओं ने इस यज्ञ कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# थानखम्हरिया क्षेत्र में पेयजल संकट, एक किमी दूर से पानी लाकर बुझा रहे प्यास

## हैंडपंप को बोरवेल में बदला, मरम्मत के लिए कोई पहल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिले के तहसील थानखम्हरिया के अंतर्गत ग्राम चीजगांव, बरगा, पलेनी, उसलापुर एवं क्षेत्र के ग्रामीणों को सप्ताह भर से पीने के पानी के गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों को लगभग एक किलोमीटर दूर खेत खलिहानों के बोरवेल एवं तालाबों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्राम में मौजूद हैंडपंप को बोरवेल में बदल चुके हैं जो दो से तीन वर्षों से खराब पड़े हैं। लेकिन उनकी मरम्मत के लिए कोई पहल नहीं की गई है। स्थानीय युवकों ने अपने स्तर पर इन्हें सुधारने की कोशिश भी की लेकिन उचित उपकरण और तकनीकी जानकारी के अभाव में यह प्रयास विफल हो गया। जिससे ग्रामीण पानी के लिए सोच में पड गए हैं कि आखिर पीने के लिए पानी लाये तो लाये कैसे और कहां से लाएं। क्योंकि इस भीषण गर्मी में अनेकों बोरवेल से भी पानी निकलना बंद हो गया है। गांव के सभी परिवारों के सदस्य इस संकट का सामना कर रहे है। अन्य मौसम में किसी तरह काम चल जाता था लेकिन गर्मी के मौसम में यह समस्या और बिकराल हो जाती है नदी और तालाब प्राकृतिक जल स्त्रोत ही ग्रामीणों के लिए एकमात्र सहारा है। लेकिन अधिकतर नदी नाले भी सूखा पड़ा है। ग्राम के पानी टैंक में बूंद भर पानी भी नहीं। जिससे समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके अलावा इन जल स्त्रोतों के पास जंगली जानवरों के खतरे से भी ग्रामीण डरे हुए हैं।

### प्रशासन से समाधान की मांग

जानकारी के अभाव में ग्रामीण समझ नहीं पा रहे हैं कि वे किससे गुहार लगाएं उन्हें अधिकारी-कर्मचारी जैसी प्रशासनिक प्रणाली की समझ नहीं है क्योंकि आजादी के बाद से अब तक उनके पास प्रशासन के नुमाइंदों के तौर पर केवल शिक्षक और स्वास्थ्य कार्यकर्ता ही पहुंचे हैं। इस कारण ग्रामीणों को अपने अधिकारों के संदर्भ में भी ज्ञान की कमी है।



### खराब बोरवेल की तत्काल करें मरम्मत

जल्द से जल्द गांव में खराब बोरवेल की मरम्मत करवाई जाए या वैकल्पिक जल आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। यह समस्या केवल पानी की नहीं बल्कि स्वास्थ्य एवं उनकी जुड़ी जीवन से है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस दिशा में तत्काल कदम उठाए और हो रहे समस्याओं को दूर करें।

## वारदात : साजा क्षेत्र के ग्राम घोटवानी में हुई हत्या के बाद ग्रामीणों में आक्रोश

# काम में व्यस्त बुजुर्ग के सिर पर किया कुल्हाड़ी से वार, मौत, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/साजा

साजा क्षेत्र घोटवानी ग्राम में रविवार दिल को दहला देने वाली हत्या की वारदात हुई, जिसकी धमक ने पूरे इलाके में जबरदस्त सनसनी फैला दी। मिली जानकारी के अनुसार घोटवानी गाँव के एक अधेड़ उम्र के आरोपी व्यक्ति जीवन वर्मा ने कुल्हाड़ी मारकर गाँव के ही 68 वर्षीय बुजुर्ग अशोक निर्मलकर की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी। वहीं, जघन्य वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद गाँव में अफरातफरी के बीच पुलिस की टीम पहुंची, जिसने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए साजा मर्च्युरी भेजा। वहीं, इस मामले में घटनास्थल पर मर्ग कायम करते हुए आरोपी जीवन वर्मा के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर खोजबीन एवं पतासाजी शुरू कर दी गयी है। बताया जा रहा है कि मृतक अशोक निर्मलकर एवं आरोपी जीवन वर्मा के परिवार के बीच जमीन विवाद को लेकर काफी समय से अनबन थी। इसी कारण रविवार की सुबह को आरोपी ने साजिशन मृतक को अकेले पाकर उनकी हत्या कर दी।



### जमीन सम्बंधी विवाद हत्या का कारण

जानकारी के मुताबिक घोटवानी गाँव में मृतक अशोक व आरोपी जीवन वर्मा का मकान एक-दूसरे के घर से लगा हुआ है। वहीं, छज्जे, खिड़की व अन्य स्थिति को लेकर लम्बे अरसे से दोनों के बीच आपसी विवाद होता रहा है। इसी बीच रविवार को आरोपी ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दे दिया। बता दे कि मृतक अशोक निर्मलकर का पुत्र विजय निर्मलकर वर्तमान में सचिव के रूप में केशतरा ग्राम पंचायत में पदस्थ है, जिन्होंने आरोपी को कुल्हाड़ी लेकर घर से निकलते देखा है। जिसकी प्रार्थी के रूप साजा थाने में शिकायत पर ही अपराध क्रमांक 68/25 के तहत आरोपी जीवन के विरुद्ध बीएनएस की धारा 103(1) लगाकर खोजबीन व तलाशी अभियान शुरू कर दी है।

### दिनभर तैनात रहे ऑफिसर व पुलिसकर्मी

बहरहाल मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन की टीम एसएसपी रामकृष्ण साहू के दिशानिर्देश पर घटनास्थल पर तत्काल पहुंचकर स्थिति को संभालते हुए अन्य ऑफिसरों व पुलिसकर्मियों के सहयोग से घटनास्थल सहित गाँव क्षेत्र को अपने नियंत्रण में लिया। जिसके बाद गाँव में एएसपी-कौशल्या साहू, बेरला एसडीओपी-विनय कुमार, साजा व बेरला सहित अन्य थाना-चौकी प्रभारी पहुंचे। वहीं, बड़े अफसरों ने स्थिति का जायजा लेकर तत्काल आरोपी की धरपकड़ के लिए टीम बनाकर जांच में लगा दी। जिससे जल्द आरोपी के पकड़े जाने की सम्भावना बनी हुई है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह,एसडीओपी मनोज तिर्की एवं सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, डीएसपी कौशिल्या साहू, एसडीओपी बेरला विनय कुमार एवं थाना प्रभारी साजा निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, निरीक्षक रोशन लाल टोण्डे, निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, उप निरीक्षक राकेश साहू, उप निरीक्षक डी.एल. सोना, उप निरीक्षक राजकुमार साहू व थाना स्टाफ मौजूद रहे।

### सीसीटीवी फुटेज में टंगिया लेकर जाते दिख रहा है आरोपी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धोटवानी के अशोक निर्मलकर उम्र 65 वर्ष सुबह गोबर के कंडे पाथ रहा था। तभी किसी ने पीछे से जाकर टांगिया से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी उसके बड़े बेटे को मिलते ही घटना स्थल पहुंचा, जहां तड़प रहे पिता को पानी पिलाने का प्रयास किया, वहीं कुछ घूंट पानी पीने के बाद उनकी सांसें थम गई। उधर, घटना की जानकारी लगते ही पूरे गांव में आक्रोश फैल गया और ग्रामीण धटना स्थल पर पहुंच गए आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लाश उठाने नहीं दिया। वहीं, ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए जिले से पुलिस विभाग के बड़े अफसर भी घटना स्थल पर पहुंच गए। डॉग एस्कॉर्ट भी बुलाया गया। मृतक के घर के पास लगे सीसी फुटेज में पड़ोस का ही रहने वाला जीवन वर्मा घटना के समय साइकिल में टांगिया लेकर जाते नजर आ रहा है, जिसे मृतक के बेटे ने अपने पिता को घर से गोबर लेकर जाते समय देखा था। सीसी फुटेज में जीवन वर्मा साइकिल से जाते हुए दिख रहा था। बताया जा रहा है कि मृतक के मकान निर्माण के समय भी आरोपी ने विवाद किया था, जिसे लेकर गांव में बैठक हुई थी। आरोपी की शिकायत पूर्व में भी थाने में हो चुकी है। बताते हैं कि आसपास के रहवासी भी आरोपी से बहुत परेशान थे। एक पड़ोसी ने तो अपने घर के सामने सीसी कैमरा भी लगा कर रखा था, जिसके फुटेज के आधार पर आरोपी मृतक के पीछे साइकिल में टंगिए लेकर जाता दिख रहा है।

# भाजपा राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कर रही है कार्य : तिवारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

■ भाजपा स्थापना दिवस पर घर-घर झंडा लगाओ अभियान का भव्य शुभारंभ


भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को समर्पित करते हुए रविवार बेमेतरा जिले में घर-घर झंडा लगाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान की शुरुआत बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपने निवास स्थान ग्राम नेवनारा से की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्थानीय विधायक दीपेश साहू पहुंचे। विधायक ने कार्यकर्ताओं से कहा की मैं आज विधायक हूं तो भाजपा और कार्यकर्ताओं के कारण हुं। इसलिए पार्टी से बड़ा कभी नहीं समझना चाहिए और पार्टी के हर आदेश का पालन करते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता योगेश तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अपने संबोधन में भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा की भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक राष्ट्रवादी विचारधारा है, जो जनसेवा, विकास और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। कल्पना योगेश तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी का उदय 6 अप्रैल 1980 हुआ था और उस समय 1984 मैं भारतीय जनता पाटी की लोकसभा मे 4 सीट थी और आज विश्व में सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। सरपंच लोकेश साहू, उपसरपंच नीला लहरें, देवेंद्र जैन, रवि तिवारी, मनोज तिवारी, अशोक यादव, निलेश पाण्डेय, संजीव पाण्डेय, रामखेलावन देवांगन, राजन वर्मा, राजकुमार लहरें, ▸▸ शेष पेज 13 पर

## लावतारा, बारगांव और कंडरका में ली गई परीक्षा

# प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए ली गई अभ्यास परीक्षा, 93 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/बेरला

20 अप्रैल को होने वाली प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए बेरला विकासखंड में ऑनलाइन और ऑफलाइन तैयारी करवाई जा रही है। यह तैयारी शिक्षक सुरेंद्र पटेल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारगांव के मार्गदर्शन में शिक्षकों एवं अधिकारियों के सहयोग से कराई जा रही है। रविवार को बच्चों की आफ़लाइन परीक्षा ली गई, ताकि पेपर के दिन होने वाली तमाम तरह की असुविधाओं से बचने के लिए पूर्व अभ्यास कराया जा सके। यह अभ्यास परीक्षा (मॉडल टेस्ट पेपर) तीन सेंटर में संचालित हुआ। परीक्षा में बच्चों को ज्यादा दूरी का सामना न करना पड़े इसलिए लावतारा, बारगांव और कंडरका को बनाते हुए पूरे विकासखंड को तीन सेंटरों में विभाजित किया गया। इसके अनुसार बच्चों को सुविधा अनुसार सेंटर चयन करने के लिए लिंक जारी किया गया था। केंद्र प्रभारी के रूप में बारगांव में सुरेंद्र पटेल, लावतारा में भुवन लाल साहू और कंडरका से केवरा सेन ने जिम्मेदारी निभाई। बारगांव सेंटर में कुल 30 बच्चे लावतारा में 37 बच्चे और कंडरका में कुल ▸▸ शेष पेज 13 पर



## मांदर की थाप पर जंवारा विसर्जन ....

हरिभूमि न्यूज ▸▸ थानखम्हरिया

चैत्र मास नवरात्रि पर ग्राम बरगा में लोक आस्था, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मांदर की थाप, झांझ की गूंज और श्रद्धा से ओतप्रोत जयकारों के साथ गांव भर में जोत जंवारा विसर्जन के लिए निकाला गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। जंवारा शितला सहित पूरन साहू, बद्रीराम साहू, लेखराम साहू तथा तिहारी स्थित निज निवास से विधिवत पूजन-अर्चन के बाद विसर्जन के लिए निकाला गया। परंपरा अनुसार महिलाओं ने अपने सिर पर जंवारा रखकर संतोषी माता मंदिर, महावीर चौक, बाजार चौक, दुर्गा चौक सहित ग्राम के प्रमुख मार्गों में भ्रमण कराया।



## बेमेतरा पुलिस ने "फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल" का किया आयोजन

# अच्छे स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने चलाई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

■ एसएसपी सहित आला अधिकारियों ने "फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल" में लिया हिस्सा

पुलिस प्रशासन ने रविवार थाना सिटी कोतवाली परिसर में "फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल" का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने "फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल" में हिस्सा लिया ओर साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली पुलिस कंट्रोल रूम, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा परिसर से रवाना होकर सिग्नल चौक, गस्ति चौक, दुर्गामंदिर नयापारा, नवीन स्कुल नयापारा, भारतमाता चौक, बस स्टैण्ड, जय स्तंभ चौक, रेस्ट हाउस चौक होते वापस पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में समापन हुआ।




इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो सहित बेमेतरा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बडी संख्या में शामिल रहें। पुलिस प्रशासन का यह आयोजन का उद्देश्य आमजनों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। इस दौरान एसएसपी श्री साहू ने साइकिल चलाकर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया। उन्होने कहा कि साइकिल चलाना सेहत के लिए फायदेमंद है और यह प्रदूषण को कम करने में भी मदद करता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील कि वे प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट साइकिल चलाकर खुद को फिट रखें। इस "फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल" को बेहतर पहल बताते हुए कहा कि साइकिलिंग जैसी गतिविधियाँ लोगों को स्वस्थ रखने में मदद करेंगी। जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है।

# रामनवमी पर बारगांव में निकली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/बेरला

■ बेमेतरा विधायक दीपेश ने पुष्प वर्षा कर किया शोभायात्रा का स्वागत

रामनवमी के अवसर पर ग्राम मटिया-बारगांव में रविवार को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का स्वागत बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने पुष्पवर्षा कर किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री समीर वर्मा, बेरला जनपद उपाध्यक्ष शुभम वर्मा ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया।विधायक साहू ने प्रसाद ग्रहण किया और श्रद्धालुओं के साथ पर्व की खुशियां मनाईं।



### कहा- भगवान श्रीराम का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही क्षेत्र में सौहार्द और समरसता बनाए रखने की अपील की। भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने कहा कि भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया और सभी को रामनवमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सबको भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का प्रण करना चाहिए। शोभायात्रा में डीजे और गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु जय ▸▸ शेष पेज 13 पर

# ग्राम्य विकास के लिए तैयार होगा मसौदा, अनुमोदन के बाद भेजा जाएगा मुख्यालय

आलोक तिवारी ⏭ दुर्ग

राज्य सरकार का बजट पास होने के बाद अब बारी ग्राम पंचायतों की है। दुर्ग जिले में तीन ब्लॉक है। ग्राम पंचायत 297 व गांव 388 हैं। दरअसल प्रतिवर्ष वित्तीय वर्ष में ग्राम पंचायतों का भी बजट प्रस्ताव होता है लेकिन इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने की वजह से ग्राम पंचायतों के बजट में विलंब हुआ। चुनाव निपटने के बाद नई पंचायत की बॉडी तो बन गई लेकिन पंचायत सचिवों की हड़ताल ने बजट के काम को आगे बढ़ने नहीं दिया। उम्मीद की जा रही है कि मई अंत तक ग्राम पंचायतों के बजट को ग्रामसभा से अनुमोदन के बाद जिला मुख्यालय भेजा जाएगा।

राज्य सरकार की तरह ग्राम पंचायतों में भी बजट बनाए जाने का प्रावधान है। ग्राम पंचायतों के बजट में ग्राम विकास का मसौदा तैयार किया जाता है। राज्य सरकार की योजनाओं, अनुदानों, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का लक्ष्य और पंचायतों के आय-व्यय को निर्धारित किया जाता है। ग्राम पंचायतों के सचिव द्वारा प्रारंभिक बजट को तैयार कर स्वीकृति के लिए स्थानीय समिति के बाद ग्राम पंचायत की सामान्य सभा में लाया जाता है। ग्राम पंचायत की सामान्य सभा बजट को स्वीकृत या संशोधित कर ग्राम सभा के अनुमोदन के लिए भेजती है। ग्रामसभा से अनुमोदित होने के बाद ग्राम पंचायत का बजट जिला मुख्यालय में भेजा जाता है। मुख्यालय में ग्राम पंचायतों का बजट जनपद पंचायतों, जिला पंचायत और उपसंचालक पंचायत को अलग-अलग प्रतियों में पंचायत सचिवों के माध्यम से भेजा जाता है। दरअसल ग्राम पंचायत का बजट ग्राम विकास का मसौदा होता है। हर पंचायत का बजट अलग-अलग होता है और पूरे साल इसी बजट के मुताबिक काम को किए जाने की कोशिश होती है।

## आचार संहिता और पंचायत सचिवों की हड़ताल की वजह से बजट बनाने में हुआ विलंब

### स्थानीय पंचायतों को आर्थिक रुप से संबल बनाने की कोशिश

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद राज्य सरकार की तमाम कोशिशें रहती है कि ग्राम पंचायत स्थानीय आय से आर्थिक रुप से संबल हो। ग्राम पंचायतों को आर्थिक रुप से संबल बनाने के लिए व्यवसायिक परिसर जैसे उपक्रम को महत्व सरकार ने दिया है। प्रदेश की कई ग्राम पंचायतों को खनिज रायल्टी से बड़ी आय मिलती है। कांजी हाउस, तालाब और साप्ताहिक बाजार जैसे पुराने उपक्रम है जहां से पंचायत को इनकम होती है। जो पंचायतें आर्थिक रुप से सक्षम होती है उन गांवों में मूलभूत की जरुरतें आसानी से पूरी हो जाती है। ग्राम पंचायतें प्रस्तावित बजट में विशेष तौर पर स्थानीय आय को वृद्धि करने का प्रस्ताव तैयार करती है।



### तस्वीर होगी साफ



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद अब स्थानीय समितियों के गठन की प्रक्रिया लगभग पूरी होने को है। सभी ग्राम पंचायत का बजट आने के बाद ग्राम्य विकास की तस्वीर तय की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरुप विकास कार्य और सरकारी योजनाओं को गांवों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। यह तस्वीर भी साफ होगी कि किस गांव की क्या जरुरत है।

**-सरस्वती बंजारे,** अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग

### प्रभावित हुआ है



आचार संहिता की वजह से ग्राम पंचायतों में वार्षिक बजट और पंद्रहवें वित्त आयोग के लिए तैयार होने वाला बजट नहीं बन पाया है। आचार संहिता के बाद पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत के सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। मांगें पूरी होने के बाद जब सचिव काम पर लौटेंगे तब इस दिशा में काम आगे बढ़ेगा। सचिव भी ग्राम बजट को लेकर गंभीर रहते हैं और अभी भी हैं।

**-महेंद्र साहू,** अध्यक्ष सचिव संघ

## खबर संक्षेप



### शतरंज चयन स्पर्धा के लिए बैठक संपन्न

दुर्ग। सर्वसुविधायुक्त शतरंज आयोजन को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा की बैठक हुई। बैठक में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11 व यू-13 आयु समूह की राज्य चयन स्पर्धा का आयोजन एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में कराने का निर्णय लिया गया। स्पर्धा में अंडर 13 की चैंपियनशिप को फीडे रेटिंग के रूप में कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनीत राजोरिया, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव ईश्वर सिंह राजपूत, फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन शामिल थे। बैठक पश्चात प्रतियोगिता स्थल का मुआयना किया। टूर्नामेंट हाल, खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्था, पैरेंट्स की बैठने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उक्त मिनी सब जूनियर का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ तथा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से 15 से 19 मई तक एकडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में कराना सुनिश्चित किया गया।

### गर्मी से निजात दिलाने पुलिस को बांटे एक्वाकूल



दुर्ग। पूर्व एल्डरमैन व भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने चिलचिलाती धूप में दायित्वों का निर्वहन करने वाले यातायात पुलिस कर्मियों को शुद्ध पानी के लिए 12 घंटे तक पानी को ठंडा रख सकने वाले एक्वा कूल वाटर बोतल के साथ ही इलेक्ट्रॉल पाउडर का पैकेट मुहैया करवाया। जिससे वो रोज अपनी ड्यूटी पर इलेक्ट्रॉल पाउडर युक्त ठंडा पानी साथ में रख सके। यातायात पुलिस कर्मी तपती सड़क पर चिलचिलाती धूप में ड्यूटी कर रहे है। तेज तपती सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था को संभाले यातायात पुलिसकर्मियों को छाया भी नसीब नहीं होती है। सिपाहियों को पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने, गर्मी व निर्जलीकरण से बचाने के लिए यह पहल किया गया है।

## हाल-ए-किसानी : इस बार किसानों से कर्ज वसूली में 18 फ़ीसदी की कमी

# 83 फीसदी किसानों ने ही जमा की राशि, अब ब्याज के साथ होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरीफ वर्ष 2024 में कर्ज लेने के बाद 83 फ़ीसदी किसानों ने ही 15 मार्च तक कर्ज का भुगतान किया है। अब 31 मार्च के बाद इन किसानों को जीरो फीसदी ब्याज का लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि जिला सहकारी बैंक इन किसानों से 13 फीसदी ब्याज पर कर्ज की वसूली करेगी। पिछले साल 31 मार्च तक 98 फ़ीसदी किसानों ने कर्ज की राशि जमा कर दी थी। बहरहाल इन किसानों से समितियो द्वारा बैंक ने वसूली शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा दुर्ग, बालोद और बेमेतरा की किसानों को खरीफ सीजन में 1735 करोड रुपए का कर्ज वितरण किया गया था। सामने आए आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च तक 1439 करोड़ 60 लाख रुपए की वसूली तीनों जिले के किसानों से हुई है। तीनों जिलों के किसानों से जिला सहकारी बैंक द्वारा 82.96 फीसदी की वसूली की है। हर साल किसानों को खरीफ फसल के लिए कर्जा लेने के बाद 31 मार्च के पहले राशि का भुगतान करना होता है। इस अवधि में ही किसानों को राज्य शासन द्वारा जीरो फीसदी पर कर्ज दिया जाता है। अन्यथा अप्रैल के बाद किसानों को डिफाल्टर घोषित कर जीरो के बजाय तीन फ़ीसदी अधिभार के साथ प्रचलित ब्याज दर से वसूली होगी। अफसर ने बताया कि, कर्ज की राशि पर 3% अधिभार और वर्तमान ब्याज दर यानी 10 फ़ीसदी इस तरह 13 फीसदी ब्याज में कर्ज की वसूली की जाएगी।

### खास बातें

- 31 मार्च तक हर साल जमा करना होता है कर्ज की राशि
- लंबे समय तक खर्च नहीं पटने पर चक्रवृद्धि ब्याज का भी भार
- मार्च माह तक कर्ज भुगतान करने वाले किसानों को ही मिलेगा जीरो फीस ब्याज का लाभ

### 31 मार्च तक कर्ज का हर साल करना होता है भुगतान



### पिछले साल कर्ज का 98 फीसदी राशि जमा

जानकारी अनुसार वर्ष 2022 खरीफ में दुर्ग, बेमेतरा और बालोद के किसानों ने 1115 करोड़ 54 लाख 67 हजार रूपए का कर्ज लिया था। जबकि पिछले साल वर्ष 2023 में तीनों जिले के किसानों ने 1448 करोड 26 लाख रूपए का कर्जा लिया था। जिसमें 31 मार्च 2024 तक 1407 करोड आठ लाख रूपए यानि 98 फीसदी कर्ज की अदायगी कर दी है। इस साल वर्ष 2024 में 83 फ़ीसदी की वसूली हुई है।

### धान बेचकर लिया नया कर्ज

खरीफ सीजन में कर्ज वितरण किए जाने के बाद बैंक द्वारा धान की कटाई के बाद सोसायटी में बिक्री करने आए किसानों से लिकिंग के जरिए कर्ज वसूलती है। किसानों को पुराने कर्ज की राशि भुगतान करने के बाद बैंक द्वारा नया कर्ज प्रदान कर दिया जाता है। कर्ज लेने वाले किसानों को मार्च माह के पहले कर्ज का भुगतान करना अनिवार्य होता है।

### समिति के सदस्यता सूची से बाहर होंगे किसान

खरीफ सीजन के लिए बैंक द्वारा किसानों को कर्ज वितरण किया जाता है। इस कर्ज को 31 मार्च तक भुगतान करना अनिवार्य होता है। इस अवधि में भुगतान नहीं करने पर किसानों को डिफाल्टर सूची में बैंक रख देती है। वही बैंक द्वारा किसानों को सोसायटी की सदस्यता सूची से हटाकर डिफाल्टर घोषित कर दिया जाता है। जिसकी लिकिंग में वसूली होती है।

### हो रही वसूली

किसानों से संपर्क कर कर्ज की राशि भुगतान करने कहा जा रहा है। मार्च माह तक ही किसानों को जीरो फीस दी ब्याज का लाभ मिलता है, इसके बाद प्रचलित ब्याज दर से कर्ज की वसूली होती है।

**-एसके जोशी,** सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग

## देवी मंदिर में पहुंचकर हवन आरती में शामिल हुए विधायक



दुर्ग। चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पर शहर विधायक गजेन्द्र यादव विभिन्न देवी मंदिर पहुंचे और हवन कुंड में आहुति डालकर शहरवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान खीर पूड़ी और खिचड़ी के भोग भंडारा में हाथ भी बंटाया। इस दौरान मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धांलुओं का अभिवादन कर धर्म आस्था के महापर्व नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चल कर प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। प्रभु राम आदर्श के प्रतीक हैं और उनके आदर्शों पर चलने से श्रेष्ठ विचारों का निर्माण होता है।

## महाअष्टमी पर निगम परिसर में हवन पूजन व प्रसाद वितरण

दुर्ग। निगम परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर में महाअष्टमी पर हवन पूजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, एमआईसी सदस्य नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, जिंतेंद्र राजपूत व अधिकारी-कर्मचारियों के साथ विधि-विधान से विशेष पूजा अर्चना कर हवन किया। इस वर्ष भी नगर निगम परिसर में महाप्रसाद का आयोजन कर नव कन्याओं को भोज में आमंत्रित किया गया। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने हवन और पूर्णाहुति के बाद कन्या भोज कराया। प्रसाद वितरण में खीर, पुड़ी, हलवा इत्यादि बनाया गया था। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारी व कर्मचारियों सहित शहरवासियो को महाष्टमी व राम नवमी की बधाई व शुभकामनाएं दी।



## बारिश से पूर्व होगी नाले-नालियों की सफाई, महापौर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम के महापौर श्रीमती अलका बघामार और स्वास्थ्य विभाग प्रभारी निलेश अग्रवाल ने महापौर कक्ष में शहर के सफाई व्यवस्था की समीक्षा की है, ताकि इसे बेहतर बनाया जा सके। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक व सुपरवाइजारों, सफाई दरोगा अपने अधीनस्थ जोन क्षेत्रों में स्वच्छता से संबंधित प्रत्येक कार्य की मॉनीटरिंग करें और व्यवहारिक तौर पर आने वाली कठिनाईयों और मॉनीटरिंग के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर कर साफ-सफाई व्यवस्था अधिक सुदृढ़ बनाएं। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, पीआईयू कुणाल सहित अन्य मौजूद रहें। स्वस्थ विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने शहर

- शहर की सफाई व्यवस्था की गई समीक्षा



की साफ-सफाई व्यवस्था के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि सभी प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अपने अधीनस्थ जोन क्षेत्रों में साफ-सफाई, कचरा एकत्रीकरण, परिवहन व निष्पादन, रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था सहित स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों की मॉनीटरिंग करें और साफ-सफाई व्यवस्था में यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे एवं व्यवहारिक रूप से आने वाली कठिनाईयों को तत्काल निराकृत करने की कार्यवाही करें। महापौर अलका बाघमार और स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने वर्षा पूर्व नाला.नालियों की सफाई हेतु व्यापक कार्यक्रम तैयार करने व उस पर शीघ्रता से अमल करने के निर्देश दिए।

## हर घर में सोख्ता गड्ढा बनाएं ताकि जल का संरक्षण व संवर्धन हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के ग्राम पंचायत पिंगाल में जल है तो कल है विषय पर जल संरक्षण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जल संवर्धन के संबंध में विभिन्न जानकारियां दी गई।

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, सरपंच ग्राम पंचायत पिंगाल श्रीमती सगाबती यामले,उप सरपंच धर्मेंद्र गावड़े के साथ साथ आश्रित ग्राम भिम्दो, लुरकाझर के वार्ड पंच महेंद्र कुमार रावटे, धिराजी राम पिस्दा, रामचरण गोटा, कुमिंता बाई उर्वाशा, वीणा भाई गोटी, सोनिया बाई मांडवी, शैल बाई गोटा, देवीलाल गोटा, हेमिन बाई पोया केसरी बाई कोरेटी सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य ने जल संरक्षण करने के संबंध में विभिन्न जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि सोक पिट निर्माण 3 बाई 3 का गड्ढा खोद कर गिट्टी, ईंट, रेती डाल कर सोख्ता का निर्माण करें, ताकि वेस्ट पानी वहां पर रुक सके। उन्होंने कहा कि सभी के घरों में जहां पानी बह रहा है वहां पर तैयार करें।

इसके अलावा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जैसे तालाब डबरी द्वारा जल संवर्धन, पौधारोपण जैसे उपायों पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही द्विफसली फसल के दौरान कम पानी लेने वाली फसलों का चुनाव जैसे गेहूं, चना, उड़द, मूंग, मक्का का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि इस तरह की फसलों के लिए पानी कम लगता है, ऐसी फसलों को लगाने की कोशिश करें।



**सभी ने जलस्तर ऊपर लाने के लिए प्रयास करने का लिया संकल्प**

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों के साथ आए हुए ग्रामवासियों ने कहा कि अपने अपने घर में जहां पानी बहता है वहां पर सोख्ता बना कर जल संरक्षण करके वाटर लेवल नीचे जा रहा है, उसे ऊपर लाने का प्रयास करेंगे। वार्ड पंच और सरपंच ने कहा कि हम लोग पूरे वार्ड में इसकी पहल करेंगे। जल ही जीवन है, जल है तो कल है, पानी अनमोल है के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा स्थान

# ग्रास रुट पर कांग्रेस संगठन को दी जाएगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- नए जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर से हरिभूमि की चर्चा

दुर्ग ग्रामीण के जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर का मानना है कि विधानसभा, लोकसभा और स्थानीय निकाय के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने मतदाताओं को सब्जबाग दिखाकर चुनाव जीतने में सफल हुई है। जिसकी वजह से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में निराशा का भाव पैदा हो गया है। इस निराशा को दूर करने अब हर मुद्दों पर जमीनी संघर्ष को अंजाम दिया जाएगा। 70 के दशक में जैसी मजबूत कांग्रेस थी, कांग्रेस को वैसे ही मजबूत बनाने ग्रास रुट पर कार्य योजना बनाकर आगामी समय में काम किया जाएगा। देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशा के अनुरुप कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पार्टी काम करेगी।

नवनियुक्त दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर दिल्ली में देशभर के जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अहमदाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक और चिंतन शिविर के लिए जिला अध्यक्षों से राय मांगा। श्री ठाकुर ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन से उन्हें यह दायित्व मिला है। विपरीत समय में पार्टी ने जिले की जिम्मेदारी उनके कंधों पर डाली है। पार्टी की जिम्मेदारी को पूरे विश्वास और क्षमता के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी के बाद पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मानजनक स्थान दिया जाएगा।

### विचारधारा और मुद्दों को लेकर होगी जमीनी लड़ाई

जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कहना है कि दरअसल देश में इस समय विचारधारा को लेकर स्पष्ट संघर्ष है। राजनीतिक मसलों के अलावा बांटने वाली विचारधारा के खिलाफ मजबूती से लड़ने की जरूरत है। कांग्रेस इस दिशा में विचारधारा को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को वैचारिक रुप से लड़ने कारगर योजना बनाकर आम लोगों के बीच जाएगी। राज्य और केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ अब केवल बयानबाजी ने बल्कि सड़क की लड़ाई को अंतिम रुप दिया जा रहा है। अहमदाबाद शिविर के बाद इस लड़ाई में धार देखने को मिलेगी। स्थानीय मुद्दों को लेकर भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं को सजग होकर धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार और स्थानीय प्रशासन को जागृत करने का काम कांग्रेस करेगी।

### राकेश के अनुभव को देखकर दी गई जिम्मेदारी

राकेश ठाकुर पाटन क्षेत्र के जमीनी नेताओं में गिने जाते हैं। जिला पंचायत सदस्य के तौर पर राकेश हमेशा मुखर रहे। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेहद करीबी सहयोगी रहे राकेश ठाकुर सन 2018 के विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस से पार्टी की टिकट चाही थी लेकिन जोगी कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया। इसके बाद राकेश ठाकुर ने भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। राकेश ठाकुर कांग्रेस की सरकार में प्रदेश अपेक्स बैंक के डायरेक्टर भी रहे। प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी पाटन से जब चुनाव लड़ रहे थे तब भूपेश बघेल को पाटन में चुनाव जीताने राकेश सक्रिय रहे। लेकिन प्रदेश में सरकार जाने के बाद लोकसभा और स्थानीय निकाय में भी कांग्रेस को बेहद निराश होने पड़ा। पार्टी संगठन को मजबूत बनाने फेरबदल के दौर से गुजर रही है। ऐसे मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी राकेश ठाकुर को दी गई है।

## जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों का कलेक्टर ने किया औचक्क निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में विभिन्न जगहों पर चल रहे निर्माण कार्य समूह नल जल प्रदाय योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीएचई के अधिकारियों के साथ ग्राम अंजोरा ढ समूह नल जल योजना 8.5 एमएलडी, चंदखुरी समूह नल जल प्रदाय योजना 8 एमएलडी और निकुम समूह नल जल योजना 6.5 एमएलडी का मौका निरीक्षण किया। उन्होंने जल शुद्धि संयंत्र के कार्य में प्रगति लाने ठेकेदारों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने अंजोरा ढ समूह नल जल योजना अंतर्गत निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त किया। वहीं चंदखुरी और निकुम समूह नल जल योजना के निर्माण कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने धीमी गति से कार्य करने पर ठेकेदार को पेनाल्टी राशि जमा करने के कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित ठेकेदारों को पाइप लाईन विस्तार कार्य, एमबीआर निर्माण, इंटकवेल निर्माण के कार्यों में तेजी लाने के साथ ही बारिश पूर्व संपूर्ण कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया। इस अवसर पर कार्य पालन अभियंता पीएचई उत्कर्ष पाण्डेय और विभाग के एसडीओ एवं उपयंत्री भी साथ मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व पीएम बाजपेयी को किया याद

**गुण्डरदेही।** ग्राम खपरी ब में भाजपा के बुथ कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। जहां कार्यकर्ताओं ने अटल चौक पर राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेई की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की।

### भाजपा नेताओं ने स्थापना दिवस पर पितृपुरुषों को किया याद

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय बालोद में पूर्व जिला अध्यक्ष द्वय पवन साहू एवं कृष्णकांत पवार द्वारा संयुक्त रूप से भाजपा का ध्वज फहराकर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इससे पूर्व भारत माता एवं भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उन समस्त वरिष्ठ नेताओं को याद किया गया। जिनके परिश्रम एवं विचारों से भाजपा शुन्य से शिखर तक पहुंची है। इस अवसर पर जिला कार्यालय में आतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, सहित प्रेम साहू, लोकेश श्रीवास्तव, रमन टुवानी, सरस्वती टेमरिया, रविन्द्र सेमरिया, भुनेश्वरी चंद्राकर, पालक ठाकुर, कल्याण सोनवानी, असवन बारले, अबरार सिद्दीकी, मधु कांत यादव, इंदु पवार, संतोष चंद्राकर, बालसिंह साहू, छगन साहू, विनोद गिरि गोस्वामी, उपेंद्र चंद्राकर, नेतराम साहू, पुष्पेंद्र तिवारी, राजकुमार भुआर्य, लोकेश साहू, मनोहर साहू ,दानेश्वर सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पायला में माता कर्मा जयंती कार्यक्रम कल

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पायला में 8 अप्रैल को साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर होंगी, अध्यक्षता पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू करेंगे। विशेष अतिथि जनपद सदस्य गुंडरदेही रीना डोमन देशमुख, तहसील साहू संघ अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, क्षेत्रीय साहू समाज माहूद बी हरदेव लाल सार्वा, उपाध्यक्ष शशि साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सरेखा सरोज लिखमन बंजारे, संरक्षक साहू समाज पायला पोखनलाल ग्रामीण साहू समाज लालजी साहू उपस्थित रहेंगे। साथ में ही दोपहर 3 बजे फाग मंडली पड़कीभाट की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर प्रीतम साहू सचिव एवं समाज के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम पसौद (हल्दी) में क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद (हल्दी) में रात्रिकालीन पांच दिवसीय प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 12 अप्रैल तक किया जा रहा है। टीम के कप्तान प्रीतम साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपए, द्वितीय 5001 एवं तृतीय 3001 रूपए एवं विनर सील्ड रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रवेश शुल्क 351 रूपए रखा गया है।

---


**दिवस : जामगांव आर में धूमधाम से मनाया गया भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस**

# कड़ी मेहनत और पक्के इरादे के साथ विश्व पटल पर देश का नाम रोशन कर रही है भाजपा : कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर में भाजपा मंडल स्तरीय 46 वां स्थापना दिवस समारोह जैन भवन जामगांव आर में दुर्ग जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया।

विशेष अतिथि समारोह संयोजक निर्मल जैन, सह संयोजक रवि सिन्हा, कामता प्रसाद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, नरेश केला, सोसायटियों के अध्यक्ष जामगांव आर भगवान सिंह चंद्राकर, बटरेल कमलेश साहू, बेलहारी रूपसिंह सिन्हा, भरर राजेश बंछोर विशेष अतिथि रहे। सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि भाजपा 45 वर्षों की कड़ी मेहनत और पक्के इरादे के साथ विश्व पटल पर देश का नाम रोशन कर रही है। भारतीय जनता पार्टी देश प्रेम से ओत प्रोत जनहित को सर्वोपरि मानकर काम करने वाली सेवकों की पार्टी है। भारत को माता की तरह पूजनीय मानकर सेवा करने वाले देश भक्तों की श्रृंखला भाजपा में ही देखी जा सकती है। इसलिए भाजपा का काम पूरा विश्व पटल पर छाप छोड़ती है। समारोह में



निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू, जनपद सभापति रवि सिन्हा ने कहा कि सब मिलकर साथ चले कारवां बनता चला जाएगा, अभी तो केंद्र तीसरी पारी है अनगिनत पारी की ओर कारवां बढ़ते चला जाएगा। नेताओं ने कहा कि समर्पित होकर पार्टी के लिए काम करें, तब देश और स्वयं का भला होगा। कार्यक्रम में उपसरपंच मुकेश साहू, पूर्णेंद्र सिन्हा, कन्हैयालाल साहू, पृथ्वीराज राठी, नरेंद्र धर्मगुड़ी, अभिषेक सेन, कोमल साहू, संजू सही, प्रवीण वर्मा, गायत्री यादव, लता जांगड़े, उज्वल केला, गणेश राव सहित काफी तादात में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन निर्मल जैन और आभार रवि सिन्हा ने किया।



### भाठागांव आर में मना भाजपा का स्थापना दिवस

**गुण्डरदेही।** ग्राम भाठागांव आर में रविवार को बूथ स्तरीय भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जहां बुथ के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष लेख राम साहू, केके साहू, डॉ लक्ष्मीकांत साहू, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, दुष्यंत कुमार साहू, योगेश शर्मा, उत्तम साहू, चित्रकांत, नेतराम साहू, मनहरण देवांगन, बाबूलाल, स्वप्निल शर्मा, रिंकू ब्रह्मा देवांगन, होमू देवांगन, भोज देवांगन, रामेश्वर साहू, राज कपूर वर्मा सहित ग्रामीण जन व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# वार्षिक अधिवेशन में जुटा बया समाज



ग्राम पीपरछेड़ी (देमार) में हुआ एक दिवसीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

छत्तीसगढ़ बया समाज का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन ग्राम पीपरछेड़ी (देमार) के समाजिक भवन में आयोजित किया गया।

अधिवेशन की शुरुआत बया सामुदायिक भवन में नारायण कवच पाठ तथा सत्यनारायण पूजा से हुई। इस अधिवेशन में सभापति के पद पर विश्रामसिंह बया प्रतिष्ठित हुए एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजाराम बया, जोधाराम बया, प्रांताध्यक्ष रामरतन अग्रवाल, उपाध्यक्ष दुष्यंत गर्ग, दुर्जनसिंह बया एवं कोषाध्यक्ष मुकुन्दसिंह बया, महासचिव आनंदस्वरुप बया, परगनाध्यक्ष पीपरछेड़ी नीलकंठ बया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बबोधन में नीलकंठ बया ने सामाजिक समरसता और एकता को रामचरित मानस की चौपाई के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। छत्तीसगढ़ बया समाज के महासचिव आनंदस्वरुप बया ने अपने समाज के इतिहास को रेखांकित करते हुए वर्तमान में बया समाज की स्थिति एवं सामाजिक विघटन के मूल कारणों का विश्लेषण किया।


उन्होंनें कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य पूर्वजों द्वारा स्थापित अपनी सामाजिक पहचान को अक्षुण्ण बनाये रखना है। साथ ही छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग से प्राप्त पत्र का जिक्र करते हुए बया जाति को केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल कराने हेतु प्रयास पर जोर दिया। प्रांताध्यक्ष रामरतन बया ने सभी स्वजातीय बंधुओं से समाज को संगठित करने में एकजुटता की अपील की।

### समाज के बिखराव पर जताई चिन्ता

अधिवेशन के द्वितीय सत्र में प्रांतीय कोषाध्यक्ष मुकुन्दसिंह बया ने अपने जातीय स्वाभिमान की चर्चा की। उन्होंने समाज के बिखराव पर अपनी चिन्ता व्यक्त की। साथ ही सामाजिक उत्थान हेतु आर्थिक सहयोग की कमी पर विचार व्यक्त किए। अधिवेशन में वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही समाज हित के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने भी समाज के उत्थान पर सार्थक विचार प्रस्तुत किए गए।

---

# भाजपा सबका साथ सबका विकास के ध्येय से काम कर रही है : चंद्राकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ श्री विष्णु धाम मंदिर प्रांगण में भाजपा मंडल ओटेबंद ने मनाया स्थापना दिवस

श्री विष्णु धाम मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी मंडल ओटेबंद का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष कुलदीप साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम लाल चंद्राकार ,सेवा पखवाड़ा योजना के संयोजक भूपेंद्र निषाद सदस्य ईश्वर यदु, सिरसिदा से डॉ हीरालाल साहू , खेमन चंद्राकर, चंद्र प्रकाश साहू, इंद्रजीत चंद्राकर ,ग्राम ओटेबन्द से पुखराज निर्मलकर, अगेश यादव,उत्तम साहू, विकाश चंद्राकर,ढाल सिंह मंडावी तमोरा, शत्रुहन साहू देवरी, शोभाराम, उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम लाल चन्द्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार के सभी योजनाओं का लाभ अपने क्षेत्र में सबको मिलेगा, भाजपा सरकार जैसे कि अभी प्रति माह महतारी वंदना योजना में जिसका नाम छुटा होगा,तो उसका नाम जोड़ा जायेगा। क्षेत्र में विकास कार्य सबके लिए होगा। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास होगा।

---

# धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस, वक्ताओं ने बताया पार्टी का इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के बस स्टैंड के पास भाजपाइयों ने 6 अप्रैल रविवार को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान बस स्टैंड के पास भाजपाइयों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान प्रमुख वक्ता के रूप में प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल आदि ने भाजपा की रीति नीति और इतिहास पर प्रकाश डाला। वहीं, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने भी सभी को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए अपने-अपने बूथ में भाजपा का झंडा लहराने की अपील की। इसके उपरांत स्थापना दिवस और सेवा सप्ताह की शुरुआत करते हुए सभी बूथों में भाजपा का झंडा लहराया गया। प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि पूरे भारत देश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को बड़े स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों को मंडल के प्रत्येक



हर बूथ में लहराया गया भाजपा का झंडा

बूथ स्तर पर मनाए जाने की योजना बनाई गई है। जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल ने भी पार्टी द्वारा 6 अप्रैल भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर दिए गए 6 कार्यों के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को विस्तार पूर्वक बताया।

**नपं अध्यक्ष टेकाम ने किया एकजुटता से कार्य करते रहने का आह्वान-** नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने संगठन को मजबूती दिलाने के लिए एक जुटता से कार्य करते रहने का आह्वान किया। इसी तरह मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि आज हम जो कुछ भी है जो हमारी पहचान है भाजपा से है। इस अवसर पर सभी बूथों में भाजपा का झंडा लहराया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोहारा कुसुम शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, महामंत्री संदीप लोढा, सोमेन्द्र देशमुख, दुष्यंत गिरी, प्रकाश, धर्मेंद्र निषाद, भानू देवदास, वीरेंद्र अजनबी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



---

# ग्राम अर्जुनी में धूमधाम से मना भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही/कलंगपुर

भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओटेबंद के शक्ति केन्द्र सिरसिदा के अंतर्गत बूथ क्रमांक 217 ग्राम अर्जुनी में पार्टी का स्थापना दिवस अटल चौक में मनाया गया।सर्व प्रथम भारत माता व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष के चित्र पर पूजा अर्चना की गई। कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अपने घर पर पार्टी का झण्डा लगाया गया। इस अवसर पर महामंत्री थानसिंह मंडावी, जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू, शक्ति केन्द्र संयोजक घना राम साहू, बूथ अध्यक्ष मोहन लाल साहू, बूथ सचिव योगेश साहू, भारत साहू, भीषम साहू, छम्मन लाल साहू, पवन कुमार साहू, योगेश साहू, गजेन्द्र साहू, नागेश हिरवानी, चन्दन साहू, नरेश चेलक, सतीश देवांगन, ईश्वर साहू, अमित साहू, तामेश्वर यादव, दिनेश साहू, देवानंद साहू, बैसाखू यादव, थालू साहू, अश्विनी, सागर, हरिचंद सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

## पेज 11 के शेष...

### भाजपा राष्ट्र निर्माण...

कमल साहू, सालिक बनछोर, हरी साहू, नीतीश साहू, मनोज सिन्हा, यशवंत टंडन, प्रियांशु सिंह, भाजपा नेता योगेश वर्मा, गायत्री वर्मा, राधिका सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

### प्रयास विद्यालय में...

26 बच्चे, इस प्रकार कुल 93 बच्चे इस परीक्षा में भाग लिए। कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए यह परीक्षा होती है। राज्य सरकार छत्तीसगढ़ द्वारा विशेष रूप से कक्षा नवमी में उन बच्चों के लिए प्रयास विद्यालय खोले गए हैं जो ग्रामीण अंचल के होनहार बच्चे हैं और नक्सली क्षेत्र में प्रभावित बच्चे हैं चयनित बच्चों को बेहतर सुविधा संपन्न शाला में हॉस्टल के साथ 12वीं तक अध्यापन कराया जाता है। जहां कोचिंग के लिए भी बेहतर विकल्प होते हैं। प्रयास विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे आजकल डॉक्टर और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में मिसाल कायम कर रहे हैं। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के लिए पेपर और लिंक वीरेंद्र चौधरी प्राथमिक शाला तिलाई पदम विकासखंड बसना एवं जिला महासमुंद द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता है। पिछले वर्ष बेरला विकासखंड से 7 बच्चों का चयन हुआ था। पर्यवेक्षक के रूप में राजेश यादव शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बलौदी कला, रोमन साहू सरदा, वीणा देवी सारथी लावातरा, प्रहलाद टिकरिहा, भुवन सिंह ध्रुव कंडरका हेमचंद भेसले ने सहयोग प्रदान किया।

### रामनवमी पर बारगांव...

श्री राम, जय हनुमान के जय घोष करते हुए चल रहे थे। जुलूस में छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मी बाई और वानर सेना की झांकी पेश की गई, जिसे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सजीव किया। शोभायात्रा के संयोजक राजेन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन में यह शोभायात्रा ग्राम के प्रमुख गलियों से होकर गुजरी, जिसमें बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं और बच्चे भी उत्साह से सम्मिलित हुए। इस यात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सदभाव का संदेश हर घर तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर सतीश यादव, देवेंद्र वर्मा, रामकुमार निषाद, जकला वर्मा, प्रदीप वर्मा, जितेंद्र वर्मा, प्रांजल वर्मा, महेंद्र ध्रुव, गुड्डू साहू, प्रभु वर्मा, ईश्वरी साहू, धनेश साहू, खोमलु निषाद, धनीराम निर्मलकर, घनश्याम वर्मा, शांतिलाल वर्मा, डामन यादव, लक्की देवांगन, भगत वर्मा, फत्ते साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रामनवमीं पर ग्राम सुरपा में निकाली गई रैली

**जामगांव आर।** रामनवमी के अवसर पर ग्राम सुरपा में सभी चौराहों में श्री रामचंद्र का झंडा लगाया गया। हाई स्कूल से बाजार चौक, भाठा पारा से सहाड़ा देव चौक, शीतला मंदिर से शनिदेव मंदिर तक झंडे लगाए गए। इस अवसर पर लोगों ने रैली निकाली। नरेंद्र धरमगुड़ी के नेतृत्व में धूमधाम से रामनवमी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में कौशिक देवांगन, संजय देवांगन, टोमेंद्र धीवर, लालचंद कौशिक, गजाधर पटेल, लकी साहू, नरेंद्र निर्मलकर, गिरधर यादव, साई यादव, टूलेश्वर सिन्हा सहित अनेक लागों का सहयोग रहा।

### राज्य पेंशनर समाज गुरूर इकाई की बैठक कल

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक 8 अप्रैल को पेंशनर भवन गुरुर में दोपहर 01 बजे से आयोजित की गई है। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर सेवाराम तेजस्वी ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से आय–व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। वार्षिक सदस्यता की समीक्षा, नये सदस्यों का अभिनन्दन, पेंशनरों की समस्याओं का समाधान, अन्य प्रस्ताव साथियों द्वारा, दिवंगत पेंशनर साथियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### सेवानिवृत्त कर्मी से पन्द्रह लाख रुपए की ठगी

**भिलाई।** सेंट्रल एजेंसी का डर दिखाकर सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत करने पर अज्ञात के खिलाफ धारा 66 (ग), 66 (घ)318 (4), 319, 336 (3), 338, 34 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। प्लाट 6- वेदांत फेस दो सड़क -1 उमरपोटी उतई निवासी गोवर्धन लाल धुरंधर के मोबाइल पर मार्च से अप्रैल वर्ष 2025 तक उनके मोबाइल पर किसी अज्ञात का वाइस और वीडियो कॉल कर उन्हें डराया गया। साथ ही अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा गोवर्धन को डराया गया कि उनके नाम से एक सिम आबंटित हुई है, जो शॉप नबंर 10 विशाल टावर मेहुल रोड मुंबई से सिम को खरीदा गया है। उक्त सिम कार्ड से करोड़ों रुपए का घपला हुआ है। इसके लिए पीड़ित को मुंबई ऑफिस बुलाया गया, लेकिन उसने जाने से इंकार करने पर उनका एसेटस को ब्रेक, डिपाजिट को जांच कर वेरीफाई करने का झांसा दिया गया। इसमें जो भी नुकसान होगा। इसके लिए सीबीआई को देने की जानकारी देकर पीड़ित को लगातार अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा वीडियों, वाइस कॉलिग कर परेशान किया जा रहा था। कभी सीबीआई अफसर तो कभी मजिस्ट्रेट के मोबाइल से कॉल कर डराया धमका जाता रहा है। लगातार दबाव बनाने के कारण गोवर्धन ने अपने 15 लाख के एफडी को तोड़कर आरोपियों द्वारा बताए गए खाता नंबर पर चेक के माध्यम से रुपए को ट्रांसफर किया गया। आरोपियों ने पीड़ित को बताया था कि इस टीम में मुंबई पुलिस, ईडी अरेस्ट लेटर, सुप्रीमकोर्ट शामिल है।





## आस्था : नवरात्रि के अंतिम दिन बाजे-गाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

# नवमी पर ज्योति जंवारा का किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर सहित अंचल के विभिन्न देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विधि विधान के साथ विसर्जन किया गया। इस के साथ ही विभिन्न घरों में भी स्थापित जोत जंवारा एवं मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन श्रद्धा भक्ति के और आस्था के साथ किया गया जबकि नवरात्रि पर्व पर उपवास रहने वाले श्रद्धालुओं के द्वारा नौ कन्या की पूजा के बाद उन्हें भोजन कराया गया।

नवरात्रि पर्व पर महा अष्टमी की पूजा अर्चना एवं पूर्णाहुति के साथ आरती महा आरती की गई। तदुपरांत दूसरे दिन देवी मंदिरों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन करने की क्रम सुबह से प्रारंभ हो गया सबसे पहले महामाया मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को महिलाओं के द्वारा कतार बद्ध होकर निकाला गया जो बाजार पारा में स्थापित स्थित माता शीतला मंदिर के पास पहुंचे वहां पर शीतला मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को महिलाओं के द्वारा कतार बद्ध होकर निकाला गया तदुपरांत विभिन्न जस गीत मंडली के द्वारा जस गीत एवं आतिशबाजी के साथ बाजार पारा में स्थित माता भद्रकाली मंदिर के पास तालाब में पहुंचे जहां पर बैगाओं के द्वारा मनोकामना कलश विसर्जन के पूर्व पूजा किया गया। तदुपरांत एक -एक करके ज्योति कलश को विसर्जित किया गया। वहीं माता भद्रकाली में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को वहीं मंदिर परिसर में ही शांत किया गया। बमलेश्वरी मंदिर में भी वहीं शांत किया गया।

### नव कन्याओं की पूजा कर कराया भोज

नवरात्रि पर्व में विभिन्न श्रद्धालुओं के द्वारा 9 दिन तक उपवास रहने वालों के द्वारा नौ कन्या की पूजा कर उन्हें भोजन कराया गया। इसके पहले श्रद्धालुओं ने नौ कन्या की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर सिंगार के समान एवं वस्त्र भेंट किया गया और उसके बाद उन्हें विभिन्न प्रकार के भोजन में मिष्ठान आदि दिया गया।

### विसर्जन यात्रा में श्रद्धालु हुए शामिल

शहर के मोहभट्ठा वार्ड नंबर 06 में महामाया मंदिर में दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर में ज्योत रखा गया था। जिसे सेवा गीत के साथ दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर और महामाया मंदिर से जवारा विसर्जन के लिए निकला गया। इस दौरान समिति के सदस्य सहित वार्ड के नागरिक व श्रद्धालु शामिल रहे।



### विनायकपुर में पुरुष करते हैं ज्योति-जंवारा का विसर्जन

अंडा। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर के माता मन्दिर में विगत कई वर्षों से पुरुष ही ज्योत जंवारा विसर्जन करते आ रहे हैं। हर साल पंचमी के दिन खिलेंद्र चंद्राकर प्रीतम चंद्राकर दिग्विजय सिंह चंद्राकर मनोज चंद्राकर सुनील ढीमर मनीष चंद्राकर गुलशन चंद्राकर फ्रनीस ढीमर प्रीति चंद्राकर ऐमेंड साहू रोमन देवांगन के सहयोग से खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता है। विसर्जन के दिन पानी टैंकर से गलियों में पानी डालकर ठंडा किया जाता है।


### अंचल में शोभायात्रा निकालकर किया जोत-जंवारा का विसर्जन

अंडा। गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र खप्परवाड़ा, देवरी ख, डौकीडीह, नाहंदा गुरेदा, सलौनी, डंगनिया धर्मी, परसदा ओटेबंद सिरसिदा, गोरकापार गांधी, भिलाई, चीचा, गोरकापार ओडारसकरी मटिया, देवगहन सहित अंचल के गांवों में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमीं तिथि पर ज्योति-जंवारा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मंदिरों के साथ ही घरों में बोए गए जंवारे और ज्योति कलश का विसर्जन किया गया। पहले मां शीतला दरबार मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान शहर सहित ग्रामीण अंचल में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल भक्तों की आस्था ऐसी दिखी कि देवी मां को खुश करने कोई अपने जीभ में तो कुछ भक्त अपने गाल में लोहे का त्रिशूल आर-पार कर झूमते-नाचते मंदिर पहुंचे। शहर व ग्रामीण अंचल के समीप देवी धाम में कई वर्षों से शारदीय व चैत्र नवरात्रि में जंवारा रखा जाता है। जहां शहर व ग्रामीण अंचल सहित आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

## श्रीराम जनकी मंदिर में मनाई गई रामनवमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर के मध्य स्थित ऐतिहासिक श्रीराम जनकी मंदिर में रामनवमी का पर्व उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। प्राचीन परंपराओं के अनुसार, मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों, आकर्षक फूल-मालाओं और दीपों से सजाया गया था। प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में दर्शन और पूजन के लिए उमड़ पड़ी।




भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण में मंदिर की घंटियों की मधुर ध्वनि और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारों से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मुख्य पुजारी एवं विद्वान आचार्यों द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विशेष पूजन और हवन सम्पन्न हुआ। दोपहर बारह बजे प्रभु श्रीराम के जन्म के शुभ मुहूर्त पर जन्माभिषेक की दिव्य प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इसके पश्चात भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर मंदिर के प्रमुख महंत सुरेंद्र दास ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह मर्यादा, त्याग और धर्म के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है। श्रीराम का जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। हम सभी को श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने नगरवासियों और श्रद्धालुओं को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी के कल्याण की कामना की।

मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने आरती, भजन और कीर्तन में सहभागिता कर अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस शुभ अवसर पर नगरवासियों ने पूरे उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ पर्व को मनाया और भगवान श्रीराम से सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की।

## निधि ने रंगोली से बनाया श्री राम का चित्र...

**गुरूर।** राम नवमी के अवसर पर नगर की निधि टुवानी ने गायत्री शक्ति पीठ गुरूर में भगवान राम की भव्य रंगोली बनाई, जो देखते ही बनती है।




विभिन्न रंगों का उपयोग कर बनाई गई इस रंगोली में भगवान श्री राम की भव्य छटा दिखाई देती है। रंगोली में भगवान श्री राम अपने पूर्ण श्रृंगार के साथ दिखाई दे रहे हैं। निधि टुवानी की बनाई रंगोली से कई बार कम्प्युटर से बनी असली फोटो होने का भ्रम लोगों को हुआ और अनजान दर्शक उसे असली भगवान की फोटो रास्ते में पड़े होने के भ्रम मे उसे उठाने का प्रयास कर चुके हैं, जिससे पूरी रांगोली खराब हो चुकी है। अब निधि टुवानी को अपनी बनाई रंगोली के आसपास घेरा करके रखना पड़ता है। साथ ही रंगोली से दूर रहने की बार-बार समझाइश देनी पड़ती है।

## नवमी पर छलका श्रद्धा का सैलाब





**दल्लीराजहरा।** महानवमी पर्व के अवसर पर दल्लीराजहरा शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नवरात्रि के अंतिम दिन महानवमी को शहरवासियों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआं ,पंडर दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में महानवमी पर्व की धूम है और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो आस्था और भक्ति में डूबे रहे। वहीं, दल्लीराजहरा में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई और शहर भर में धार्मिक वातावरण बना रहा। महानवमी के दिन मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। दल्लीराजहरा शहर के समीप महामाया मंदिर विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस मंदिर में नवरात्रि और अन्य प्रमुख पर्वों के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया।



## डांग-डोरी व बाजे गाजे के साथ किया ज्योति-जंवारा का विसर्जन

**बालोद।** जिले में चैत्र नवरात्रि की नवमीं तिथि पर जिले के प्रमुख मंदिर देवालयों में विराजित ज्योति जंवारा का विसर्जन रविवार को डांग डोरी व बाजे गाजे के साथ किया गया। विसर्जन के दौरान कई लोग ज्योति जंवारा के सामने झूपते व आस्था के अनुसार रास्ते पर पानी डालते रहे। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ माता रानी के दर्शन के लिए मंदिरों व देवालयों में उमड़ती रही। जहां जिले के प्रसिद्ध मंदिरों में सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन किए। वहीं, शनिवार को हवन होने के बाद रविवार को ज्योति- जंवारा का विसर्जन किया गया।



### चिल्हाटीकला में हुआ माडल टेस्ट

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 6अप्रैल को माडल टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें बालोद जिले के विभिन्न स्कूलों से कुल 110 बच्चों ने परीक्षा दी। प्रयास आवासीय विद्यालय में सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु मुख्य चयन परीक्षा 20 अप्रैल को राज्य के निर्धारित परीक्षा केंद्रों में ली जाएगी। जिसमें कक्षा 8वीं में अध्ययनरत बच्चे जो आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, वहीं बच्चे परीक्षा हेतु पात्र हैं। मुख्य परीक्षा के पूर्व बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से मांडल टेस्ट परीक्षा आयोजित की जा रही है, जहां शिक्षक नीलकंठ धनकर की पहल से मिडिल स्कूल चिल्हाटीकला को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस आफलाइन माडल टेस्ट का मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चे मुख्य परीक्षा में ओ एम आर शीट भरते समय गलती कर देते हैं, जिसमें सुधार किया जा सके तथा बच्चे मुख्य परीक्षा के अनुरूप प्रश्नों से परिचित हो सकें और मुख्य परीक्षा में पूरी तैयारी के साथ परीक्षा में बैठें। परीक्षा केंद्र में प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र व शिक्षिका जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू, शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला डौंडीलोहारा के शिक्षक संजय नायक तथा भैंसबोड के शिक्षक का सहयोग प्राप्त हुआ।

## लावातरा में 37 बच्चों ने दी प्रयास मॉडल परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा में प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा में लावातरा, हतपान, बेरला, देवरबीजा, कुसमी, टकसींवा के कुल 37 बच्चों ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र प्रभारी भुवन लाल साहू व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल लावातरा ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आगामी 20 अप्रैल को निर्धारित है। उसकी तैयारी के लिए लावातरा में मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। पिछले वर्ष भी पहली बार लावातरा इसके लिए मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया था। जिसके परिणामस्वरूप लावातरा से खुलेश्वरी साहू एवं हतपान से हिमांशी कुर्रे का चयन हुआ था।



परीक्षा केंद्र प्रभारी भुवन लाल साहू व्याख्याता द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। परीक्षा उपरांत मूल्यांकन कर विद्यार्थियों को परिणाम भी बताए गए। मॉक टेस्ट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुसमी की छात्रा दीक्षा साहू को परीक्षा केंद्र प्रभारी भुवन लाल साहू द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। परीक्षा के प्रश्न पत्र के पैटर्न एवं इसमें ध्यान रखी जाने वाली विभिन्न बिंदुओं की जानकारी भी उनके द्वारा दी गई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हतपान के शिक्षक हेमचंद भेंसले द्वारा भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। चूंकि बच्चों की परीक्षा सुबह 7.30 बजे से थी। इसलिए शिक्षिका वीणा देवी सारथी द्वारा उपस्थित समस्त विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों के लिए बिस्किट एवं चाय की व्यवस्था की गई थी। मॉक टेस्ट के सफल आयोजन एवं पर्यवेक्षण में वीणा देवी सारथी शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा एवं हेमचंद भेंसले शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हतपान का विशेष सहयोग रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411